**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2970**
**(18 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

# मनरेगा के अंतर्गत समान और उचित मजदूरी

**2970. डॉ. डी. रवि कुमार:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के अंतर्गत सामाजिक समावेशन , विशेषकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कामगारों की भागीदारी को पर्याप्त रूप से प्राप्त कर लिया गया है और यदि नहीं , तो इस मुद्दे के समाधान के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान एमजीएनआरईजीएस में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कामगारों की भागीदारी का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) एमजीएनआरईजीएस के अंतर्गत विभिन्न राज्यों में मजदूरी असमानता के क्या कारण हैं; और

(घ) राज्यों में एमजीएनआरईजीएस कामगारों के लिए एक समान और उचित मजदूरी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क) और (ख): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है जिसमें प्रत्येक परिवार , जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं , उनको प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करके देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा बढ़ाने का प्रावधान है। यह आजीविका सुरक्षा प्रदान करता है , अर्थात ग्रामीण परिवारों के लिए तब आजीविका के विकल्प प्रदान करता है , जब कोई बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध नहीं होता है। यहाँ यह उल्लेख किया जाता है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के श्रमिकों द्वारा सृजित श्रम दिवसों का प्रतिशत वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 36.79% और वित्त वर्ष 2024-25 (दिनांक 12.03.2025 तक) के लिए 36.78% है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रमिकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग) और (घ): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा), 2005 की धारा 6 (1) के अनुसार, केंद्र सरकार अधिसूचना द्वारा, इसके लाभार्थियों के लिए मजदूरी दर निर्दिष्ट कर सकती है। इसके अलावा , अधिनियम की धारा 6 (2) में प्रावधान है कि जब तक किसी राज्य में किसी क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा मजदूरी दर तय नहीं की जाती है, तब तक कृषि मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम , 1948 की धारा 3 के तहत राज्य सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी को उस क्षेत्र के लिए लागू मजदूरी दर माना जाएगा। तदनुसार , अधिनियम की धारा 6 (2) के प्रावधान के अनुसार , योजना के प्रारंभ से लेकर वित्तीय वर्ष 2010-11 तक, महात्मा गांधी नरेगा में मजदूरी दर संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर तय की गई थी। हालाँकि , वित्तीय वर्ष 2011-12 से, भारत सरकार ने कृषि श्रम के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) का उपयोग करके मजदूरी दरों का निर्धारण करना शुरू कर दिया है।

महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों को महंगाई से राहत देने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय कृषि श्रम के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) में होने वाले परिवर्तन के आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मजदूरी दर में संशोधन करता है। श्रम ब्यूरो शिमला द्वारा अधिसूचितानुसार यह सूचकांक विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए अलग-अलग है। यदि किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा गणना की गई मजदूरी दर पिछले वर्ष की मजदूरी दर से कम होती है, तो पिछले वर्ष की मजदूरी दर को ही बनाए रखा जाता है। मजदूरी दर प्रत्येक वित्तीय वर्ष की अप्रैल माह की पहली तारीख से लागू की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अधिसूचित मजदूरी दर में कुल प्रतिशत वृद्धि लगभग 7% है।

हालाँकि, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित मजदूरी दर से अधिक मजदूरी प्रदान कर सकता है।

लोक सभा में दिनांक 18.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2970 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

| पिछले पांच वर्षों के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति (एससी ) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रमिकों का राज्य /संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | रोजगार प्राप्त करने वाले श्रमिक (संख्या में) | | | |
| | | वित्त वर्ष 2019-20 | | वित्त वर्ष 2020-21 | |
| | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1520251 | 683453 | 1936193 | 758396 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 31 | 167697 | 18 | 228736 |
| 3 | असम | 138970 | 499422 | 171360 | 561645 |
| 4 | बिहार | 590692 | 55291 | 736000 | 72571 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 459390 | 1603969 | 644804 | 1969234 |
| 6 | गोवा | 58 | 610 | 144 | 1988 |
| 7 | गुजरात | 73390 | 547831 | 111493 | 770899 |
| 8 | हरियाणा | 178975 | 0 | 299528 | 0 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 195420 | 56112 | 233654 | 65096 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 44786 | 156521 | 51851 | 142573 |
| 11 | झारखंड | 204661 | 468640 | 316195 | 834155 |
| 12 | कर्नाटक | 696809 | 427443 | 1020475 | 586791 |
| 13 | केरल | 243192 | 93615 | 324452 | 101193 |
| 14 | लद्दाख | 2 | 36961 | 2 | 38047 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 890430 | 2220607 | 1405144 | 3735422 |
| 16 | महाराष्ट्र | 316602 | 612509 | 274571 | 787877 |
| 17 | मणिपुर | 16060 | 240977 | 16634 | 252681 |
| 18 | मेघालय | 4362 | 653024 | 4206 | 694764 |
| 19 | मिजोरम | 40 | 206883 | 45 | 221021 |
| 20 | नागालैंड | 50 | 407541 | 48 | 400280 |
| 21 | ओडिशा | 589951 | 1277448 | 912636 | 2038050 |
| 22 | पंजाब | 647336 | 442 | 798713 | 666 |
| 23 | राजस्थान | 1747179 | 1922432 | 2298583 | 2528303 |
| 24 | सिक्किम | 3299 | 28059 | 4023 | 32323 |
| 25 | तमिलनाडु | 1992368 | 89013 | 2373016 | 123353 |
| 26 | तेलंगाना | 874825 | 774854 | 1182553 | 1094894 |
| 27 | त्रिपुरा | 132841 | 346584 | 138999 | 366389 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 2039718 | 71299 | 3696502 | 126079 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | उत्तराखंड | 114514 | 24757 | 151652 | 32389 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 2537174 | 795276 | 3453916 | 996411 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 0 | 28 | 0 | 528 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | लक्षद्वीप | 0 | 119 | 0 | 74 |
| 34 | पुदुचेरी | 13287 | 61 | 16830 | 90 |
| | **कुल** | **16266663** | **14469478** | **22574240** | **19562918** |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पिछले पांच वर्षों के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति (एससी ) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रमिकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वित्त वर्ष 2021-22 | | वित्त वर्ष 2022-23 | | वित्त वर्ष 2023-24 | |
| | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1884083 | 737056 | 1840624 | 737309 | 1831743 | 774068 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 15 | 262430 | 43 | 270957 | 59 | 266069 |
| 3 | असम | 180273 | 668252 | 157086 | 517900 | 189892 | 558255 |
| 4 | बिहार | 680904 | 75084 | 953072 | 97198 | 1082359 | 108882 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 568592 | 1860154 | 458563 | 1645075 | 444059 | 1483216 |
| 6 | गोवा | 125 | 1286 | 35 | 1650 | 10 | 1014 |
| 7 | गुजरात | 103601 | 780572 | 84190 | 718255 | 82218 | 700700 |
| 8 | हरियाणा | 276038 | 0 | 244423 | 0 | 281464 | 0 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 261316 | 64661 | 232285 | 60777 | 252811 | 60271 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 49762 | 140076 | 41224 | 120100 | 39777 | 113509 |
| 11 | झारखंड | 313764 | 764268 | 262483 | 618527 | 243904 | 636454 |
| 12 | कर्नाटक | 1104080 | 661950 | 950808 | 611788 | 968654 | 630986 |
| 13 | केरल | 331165 | 107293 | 317990 | 106011 | 297913 | 104441 |
| 14 | लद्दाख | 0 | 37451 | 0 | 39176 | 0 | 36516 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 1247934 | 3361603 | 1040885 | 2559725 | 829273 | 2238821 |
| 16 | महाराष्ट्र | 317364 | 755301 | 312768 | 693878 | 320955 | 706217 |
| 17 | मणिपुर | 16071 | 251277 | 9470 | 204317 | 13652 | 217623 |
| 18 | मेघालय | 4278 | 676791 | 3411 | 604573 | 4129 | 571842 |
| 19 | मिजोरम | 37 | 211985 | 51 | 217437 | 56 | 221965 |
| 20 | नागालैंड | 26 | 454451 | 1 | 485832 | 0 | 462306 |
| 21 | ओडिशा | 791931 | 1824075 | 755436 | 1694101 | 746608 | 1582642 |
| 22 | पंजाब | 741311 | 655 | 741369 | 309 | 742747 | 311 |
| 23 | राजस्थान | 2061567 | 2327879 | 1836154 | 2085612 | 1776887 | 2037447 |
| 24 | सिक्किम | 3786 | 31270 | 3648 | 29118 | 3580 | 28701 |
| 25 | तमिलनाडु | 2366394 | 130906 | 2197739 | 120923 | 2239923 | 129506 |
| 26 | तेलंगाना | 1047938 | 993140 | 952232 | 942074 | 850827 | 858181 |
| 27 | त्रिपुरा | 140503 | 378397 | 136375 | 370085 | 137059 | 382759 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 3021446 | 111155 | 2745096 | 92697 | 2498828 | 81751 |
| 29 | उत्तराखंड | 134466 | 27765 | 117661 | 23488 | 109769 | 24998 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | पश्चिम बंगाल | 3071975 | 908445 | 487412 | 171868 | 1044 | 433 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 0 | 389 | 0 | 594 | 0 | 267 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2104 |
| 33 | लक्षद्वीप | 0 | 24 | 0 | 101 | 0 | 77 |
| 34 | पुदुचेरी | 12223 | 89 | 13445 | 100 | 17001 | 172 |
| | **कुल** | **20732968** | **18606130** | **16895979** | **15841555** | **16007201** | **15022504** |